Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 21 अक्तूबर, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-21-october-2020

आज़ाद हिंद सरकार

21 अक्तूबर, 2020 को आज़ाद हिंद सरकार के 77वें स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। ध्यातव्य है कि आज ही के दिन वर्ष 1943 में नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने सिंगापुर में आज़ाद हिंद (जिसे अरजी हुकुमत-ए-आज़ाद हिंद के रूप में भी जाना जाता है) के रूप में अनंतिम सरकार की स्थापना की घोषणा की थी। साथ ही नेता जी ने स्वयं को आज़ाद हिंद सरकार का प्रधानमंत्री और युद्ध मंत्री (Minister of War) घोषित किया था। सिंगापुर में गठित अनंतिम सरकार ने सुभाषचंद्र बोस को न केवल जापान के साथ समान स्तर पर बातचीत करने में सक्षम बनाया, बल्कि पूर्वी एशिया में भारतीयों को आज़ाद हिंद फौज या भारतीय राष्ट्रीय सेना (INA) में शामिल होने और समर्थन देने के लिये भी सुविधा प्रदान की। इस तरह आज़ाद हिंद सरकार और नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने विदेश में भारत के स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी और द्वितीय विश्व युद्ध के प्रकोप को भारत की स्वतंत्रता के लिये एक सुविधाजनक अवसर के रूप में देखा।

पुलिस स्मृति दिवस

भारत में प्रत्येक वर्ष उन पुलिसकर्मियों को याद करने और उनका सम्मान करने के लिये 21 अक्तूबर को पुलिस स्मृति दिवस (Police Commemoration Day) मनाया जाता है, जिन्होंने अपने दायित्त्वों का निर्वाह करते हुए अपना जीवन दांव पर लगा दिया। ध्यातव्य है कि यह दिवस वर्ष 1959 में हुई एक घटना की याद में मनाया जाता है, जब लद्दाख में चीन की सेना द्वारा किये गए हमले में 10 पुलिसकर्मियों की मृत्यु हो गई थी। तभी से प्रत्येक वर्ष 21 अक्तूबर को शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2018 में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में भारत के पहले राष्ट्रीय पुलिस स्मारक का उद्घाटन किया था। दिल्ली स्थित इस राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में सभी केंद्रीय और राज्य पुलिस बलों के 34,844 पुलिसकर्मियों को याद किया गया है, जिन्होंने वर्ष 1947 के बाद से अब तक ड्यूटी पर रहते हुए अपनी जान गंवाई है।

विश्व सांख्यिकी दिवस

20 अक्तूबर, 2020 को विश्व भर में **'कनैक्टिंग द वर्ल्ड विद डेटा वी केन ट्रस्ट' (Connecting the World With Data We Can Trust)** विषय पर तीसरे विश्व सांख्यिकी दिवस का आयोजन किया गया। वर्ष 2020 के लिये विश्व सांख्यिकी दिवस की थीम विश्वास, आधिकारिक डेटा, नवाचार और राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों में आम जन की भलाई को रेखांकित करती है। फरवरी 2010 में अपने 41वें सत्र में, संयुक्त राष्ट्र

सांख्यिकी आयोग (UNSC) ने 20 अक्तूबर, 2010 को पहले विश्व सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था, जिसके बाद वर्ष 2010 में पहला विश्व सांख्यिकी दिवस मनाया गया था। वर्ष 2015 में महासभा ने एक अन्य प्रस्ताव पारित किया और वर्ष 2015 में 21 अक्तूबर को दूसरा विश्व सांख्यिकी दिवस मनाया गया, साथ ही यह भी तय किया गया था कि अब से प्रत्येक पाँच वर्ष बाद वैश्विक स्तर पर विश्व सांख्यिकी दिवस का आयोजन किया जाएगा।

माइकल ईरानी

अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (International Weightlifting Federation-IWF) ने माइकल ईरानी (Michael Irani) को नए अंतरिम अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। ध्यातव्य है कि माइकल ईरानी वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (IWF) की मेडिकल कमेटी के अध्यक्ष हैं और इससे पूर्व वे अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (IWF) के डोपिंग रोधी आयोग में भी अध्यक्ष के तौर पर कार्य कर चुके हैं। अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (IWF) एक स्थायी गैर-लाभकारी संगठन है, जो कि विश्व भर के 192 संबद्ध देशों के राष्ट्रीय भारोत्तोलन संघों से मिलकर बना है। अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (IWF) की स्थापना वर्ष 1905 में हुई थी, जिसके कारण यह विश्व के सबसे पुराने अंतर्राष्ट्रीय खेल महासंघों में से एक है। IWF एक खेल के रूप में वैश्विक स्तर पर भारोत्तोलन को विनियमित करने वाला अंतर्राष्ट्रीय संघ है। भारोत्तोलन (Weightlifting) वर्ष 1896 में आयोजित हुए ओलंपिक खेलों में शामिल होने वाले शुरुआती खेलों में से एक है।